[16/7/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 2177]

एम.पी. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय रीवा/शहडोल

अतारांकित प्रश्न 2177

प्रश्नांश (क) के तारतम्य में इकाईयो द्वारा प्रदत्त जानकरी

परिशिष्ट (अ)

क्र	इकाई का नाम	प्रदत्त जानकारी
1	के.जे.एस. सीमेंट (इंडिया) लिमि.	केजेएस सीमेंट द्वारा स्थापना काल से ही स्थानीय युवको को कारखाने में रोजगार दिये जाने में प्राथमिकता दी गई है। वर्तमान समय में केजेएस सीमेंट में 85 प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारी /श्रमिक स्थानीय है। भविष्य में कंपनी द्वारा उद्योग के विस्तार किये जाने की योजना है। उद्योग के विस्तार में शासन के नियमानुसार स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जायेगा।
2	अल्ट्राटेक सीमेंट मैहर	संस्थान में मध्यप्रदेश के 92 प्रतिशत लोगों को रोजगार दिया गया है जिसमें से मैहर जिले के 72 प्रतिशत लोग शामिल है ।
3	आरसीसीपीएल प्रा0 लिमि0	औद्योगिक इकाई द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार दिये जाने के संबंध में विर्निदिष्ट रूप से कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई है । किन्तु औद्योगिक इकाई में आवश्यकतानुसार (इस्तीफा उपरांत) जो नियुक्तियां होती है उसमें सर्वप्रथम स्थानीय युवकों को वरीयता देकर उनकी योग्यता रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते है ।

Shukla 03.07.24
सहायक प्रबंधक

एम.पी. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय रीवा/शहडोल

अतारांकित प्रश्न 2177

प्रश्नांश (ख) के तारतम्य में इकाईयो द्वारा प्रदत्त जानकरी

परिशिष्ट (ब)

क्र	इकाई का नाम	प्रदत्त जानकारी
1	के.जे.एस. सीमेंट (इंडिया) लिमि.	केजेएस सीमेंट कंपनी द्वारा पानी एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉड का निर्माण कर वॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भु-जल स्तर को बढ़ाने में योगदान कर रहे है। साथ ही कंपनी परिसर की रिक्त भूमि एवं खदान क्षेत्र में पर्याप्त वृक्षारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दिया जा रहा है।
2	अल्ट्राटेक सीमेंट मैहर	अभी भी हमारे संस्थान के लाइन -4 प्रोजेक्ट में करीब 1500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है।
3	आरसीसीपीएल प्रा0 लिमि0	जल एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं पुर्नस्थापन के लिए औद्योगिक इकाई के द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जाते है तथा इस हेतु संस्थान द्वारा नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। ताकि वर्तमान एवं भविष्य में जल एवं पर्यावरण में कोई प्रतिकुल प्रभाव न पड़े।

(हस्ताक्षर) 03.07.24
सहायक प्रबंधक

एम.पी. इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन क्षेत्रीय कार्यालय रीवा/शहडोल

अतारांकित प्रश्न 2177

प्रश्नांश (ग) के तारतम्य में इकाईयो द्वारा प्रदत्त जानकरी

परिशिष्ट (स)

क्र	इकाई का नाम	प्रदत्त जानकारी
1	के.जे.एस. सीमेंट (इंडिया) लिमि.	केजेएस सीमेंट द्वारा उद्योग स्थापना हेतु किसानो से ली गई भूमि के एवज में लगभग प्रत्येक किसानो के परिवार 1 व्यक्ति को कारखाने में रोजगार प्रदान किया गया है।
2	अल्ट्राटेक सीमेंट मैहर	संस्थान द्वारा योग्यता के आधार पर रिक्त पदों पर रोजगार दिया गया है और भविष्य में भी रिक्त पदों पर योग्यता के अनुसार स्थानीय लोगों के रोजगार देने के लिए प्रबंधन प्रतिबध्द है।
3	आरसीसीपीएल प्रा0 लिमि0	औद्योगिक इकाई द्वारा जिन किसानों की भूमि कारोबार संचालन में ली गई थी उन किसानों को उनकी योग्यता एवं आवश्यकतानुसार रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

NSShukla 03-07-24

सहायक प्रबंधक